# 466 करोड़ का महाघोटाला : जावर सिंचाई परियोजना कागजों में बही

▶ खेतों की दरारों में दफन हुए किसानों के सपने




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले का जावर क्षेत्र इन दिनों कुदरत की बेरुखी और सिस्टम के भ्रष्टाचार की दोहरी मार झेल रहा है। बोवनी के बाद बारिश की लंबी खेंच से जहां फसलें सूखने की कगार पर हैं, वहीं 466 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत वाली जावर उद्वहन सिंचाई परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। सरकारी फाइलों में भले ही हरियाली लहलहा रही हो, लेकिन हकीकत में खेतों की दरारें सिस्टम की बेशर्मी चीख-चीख कर बयान कर रही हैं। यह परियोजना भ्रष्टाचार का वह स्मारक बन चुकी है, जहां 26 हजार हेक्टेयर भूमि को सींचने का दावा किया गया था। लेकिन, पानी खेतों तक पहुंचने के बजाय सीधे भ्रष्ट तंत्र की जेबों में समा गया।

संयुक्त किसान संगठन ने जब एनवीडीए के वातानुकूलित कमरों में बैठे अधिकारियों को तपते और सूखे खेतों की हकीकत दिखाई, तो सारे सरकारी दावों की पोल खुल गई। किसानों का सीधा सवाल है कि अगर 466 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं और कागजों में सिंचाई का काम पूरा हो गया है, तो वे आज भी सूखे खेतों पर बैठकर आसमान निहारने को क्यों मजबूर हैं? किसानों का खुला आरोप है कि यह महज एक योजना की विफलता नहीं, बल्कि अधिकारियों, ठेकेदारों और एजेंसियों की मिलीभगत से रची गई एक सुनियोजित लूट है। फर्जी आंकड़ों और झूठी रिपोर्टों का एक ऐसा मायाजाल बुना गया, जिसमें अधूरे और बेहद घटिया निर्माण कार्यों को पूराबताकर करोड़ों का भुगतान डकार लिया गया।

जमीन पर बिछाई गई पाइपलाइन, पंप और अन्य ढांचागत संरचनाएं पूरी तरह कबाड़ और नाकाम साबित हो रही हैं।अब किसानों के सब्र का बांध टूट चुका है। संयुक्त किसान संगठन ने हाल ही में ज्ञापन के माध्यम से योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग की थी। संगठन ने अधिकारियों से चर्चा में साफ कर दिया है कि वे इस %कागजी सिंचाई% को अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में इस महाघोटाले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और तय समय-सीमा में जांच की पुरजोर मांग करने की भी कई दिन बीत गए लेकिन जांच की खानापूर्ति भी नहीं हो पा रही है।

इसके साथ ही, कागजों में दर्ज 26 हजार हेक्टेयर के फर्जी सिंचित क्षेत्र का ड्रोन से भौतिक सत्यापन कराने और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की सख्त मांग उठी है।

किसानों ने प्रशासन को खुली चेतावनी दी है कि जब तक अंतिम छोर के किसान के खेत तक पानी नहीं पहुंच जाता, तब तक इस परियोजना को पूर्ण घोषित करने का धोखा न किया जाए। अब गेंद प्रशासन के पाले में है; देखना यह है कि क्या वह इस महाघोटाले पर हमेशा की तरह पर्दा डालता है, या फिर दोषियों के गिरेबान तक पहुंचकर किसानों को न्याय दिलाता है।

# डीआईजी ने ली समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** खरगोन रेंज की पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सिमाला प्रसाद ने आज खंडवा पुलिस कंट्रोल रूम में जिले की वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की।

महत्वपूर्ण बैठक में खंडवा पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सिटी) महेंद्र तारनेकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गजेंद्र सिंह कंवर, सीएसपी अभिनव बारंगे, डीएसपी (मुख्यालय) अनिल सिंह चौहान, एसडीओपी (मूंदी) मनोहर गवली, एसडीओपी (हरसूद), लोकेंद्र सिंह ठाकुर, डीएसपी (यातायात), अनिल राय सहित जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिले के सभी थानों में लंबित गंभीर अपराधों, विशेषकर महिलाओं और संपत्ति से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।




डीआईजी सिमाला प्रसाद ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि फरार आरोपियों, सूचीबद्ध गुंडों-बदमाशों और अवैध गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही, थानों में पेंडिंग पड़े समन और वारंट की तामीली समय पर सुनिश्चित करते हुए मामलों का जल्द से जल्द निराकरण करने को कहा गया। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को पूरी तरह अलर्ट रहने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की भी हिदायत दी गई। डीआईजी ने सभी अधिकारियों को मुस्तैदी से काम करने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फील्ड पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### चार बदमाश 1 वर्ष के लिए जिलाबदर

**खंडवा।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जारी इस आदेश के तहत, आगामी एक वर्ष तक ये चारों बदमाश न केवल खंडवा जिले की सीमा में, बल्कि सीमावर्ती पड़ोसी जिलों बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा और इंदौर की सीमाओं में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे। जिन अपराधियों पर यह सख्त कार्रवाई की गई है, उनमें गायत्री मन्दिर के पास सूरजकुण्ड निवासी राहुल पिता सुपा रोकड़े शामिल है, जिसके विरुद्ध आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरी, लूट और मारपीट सहित कई गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं।

इसी तरह संजय नगर (थाना पदम नगर) निवासी बादल पिता दरबार बंजारा को भी जिला बदर किया गया है, जिस पर अड़ीबाजी, मारपीट और घर में घुसकर हमला करने जैसे कई मामले पंजीबद्ध हैं। इनके अलावा आशापुर (थाना हरसूद) निवासी जाबाज उर्फ मोनू पिता पीरू मंसूरी, जिसके खिलाफ महिला संबंधी अपराध, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले दर्ज हैं, तथा बलवाड़ा (थाना पिपलोद) निवासी करण पिता तिलक भील, जिसके विरुद्ध मारपीट, महिला से अभद्रता और अन्य अपराध दर्ज हैं, को भी जिले और सीमावर्ती जिलों से एक वर्ष के लिए निष्कासित किया गया है।

### राष्ट्रीय कबड्डी में खंडवा का दम

**खंडवा।** केंद्रीय विद्यालय की अंडर-14 कबड्डी टीम ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के 25 संभागों की टीमों को पछाड़कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान बनाकर जिले का गौरव बढ़ाया है। टीम 22 से 26 जुलाई तक पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश करेगी।राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पहले विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे ने विधायक कंचन तनवे की ओर से खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को माला पहनाकर मिठाई खिलाई और जीत की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान सतनाम सिंह होरा, यसदीप चौरे और राहुल मुंदवाल भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 26 अप्रैल को इटारसी में आयोजित अंतर-संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय खंडवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। टीम की कप्तानी अर्णव दास करेंगे। वहीं अंडर-17 वर्ग में अंश कामठे, मिस्बाह खान और तनिष्क पारखे का भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

### तीन कोचिंग सेंटरों को निगम का अंतिम नोटिस

**खंडवा।** अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर नगर निगम सख्त हो गया है। 15 दिन पूर्व दिए गए नोटिस के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार न करने पर, निगम ने शहर के तीन कोचिंग संस्थानों को अंतिम नोटिस जारी किया है।

सहायक अग्निशमन अधिकारी कार्तिक जैन ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय में संस्थानों ने अग्निशमन उपकरण और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की, तो निगम अधिनियम के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अच्छी बारिश की कामना के साथ लौटे श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले के युवाओं का एक जत्था पवित्र अमरनाथ यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर वापस लौट आया। यात्रा के दौरान युवाओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर क्षेत्र में अच्छी बारिश, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। लौटते समय श्रद्धालुओं ने भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन कर अपनी यात्रा का समापन किया।

यात्रा दल 10 जुलाई को इंदौर से रवाना हुआ था। विभिन्न पड़ावों से होते हुए 18 जुलाई को पहलगाम मार्ग से पवित्र अमरनाथ गुफा पहुंचकर सभी श्रद्धालुओं ने प्राकृतिक हिम शिवलिंग के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। जत्थे में खंडवा शहर के अलावा बड़गांव, कोरगला, सिलोदा तथा आसपास के गांवों के करीब 20 युवा शामिल थे। श्रद्धालुओं ने बताया कि कठिन पर्वतीय मार्ग और प्रतिकूल मौसम के बावजूद बाबा बर्फानी के दर्शन का अनुभव अत्यंत आध्यात्मिक और अविस्मरणीय रहा। यात्रा पूरी कर लौटते समय सभी श्रद्धालुओं ने भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर परिवार, समाज और देश की खुशहाली की प्रार्थना की। युवाओं ने कहा कि बाबा अमरनाथ के आशीर्वाद से क्षेत्र में अच्छी वर्षा, समृद्धि और शांति बनी रहे, यही उनकी कामना है।



## 24 घंटों में खालवा तहसील में 30 मिमी बारिश

**खण्डवा।** पिछले चौबीस घंटों में जिले में 6.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में खालवा तहसील में 30 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि अन्य तहसीलों में कोई भी वर्षा नहीं दर्ज की गई है।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 20 जुलाई तक 230.8 मि.मी. औसत वर्षा हुई थी, जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 285.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदिरा सागर परियोजना का जलभराव 23.96 प्रतिशत है, जबकि ओंकारेश्वर सागर परियोजना का जलभराव 56.02 प्रतिशत है। दोनों परियोजनाओं में केवल विद्युत उत्पादन हेतु नियंत्रित जल प्रवाह जारी है। इसके अलावा भगवंत सागर परियोजना का भराव 56.45 प्रतिशत, औलिया मध्यम परियोजना का जलभराव 28.19 प्रतिशत तथा भाम मध्यम परियोजना का भराव 40 प्रतिशत हो चुका है। जिले के सभी प्रमुख जलाशयों के सभी गेट बंद हैं।

## विश्वविद्यालय में रोजगार मेला 24 को

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने हेतु 24 जुलाई को विशाल सीवी रमन रोजगार मेला2026 आयोजित किया जा रहा है। कुलसचिव रवि चतुर्वेदी ने बताया कि शिक्षित युवाओं के लिए यह आयोजन प्रतिवर्ष होता है और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग विद्यार्थियों को साक्षात्कार एवं करियर मार्गदर्शन का प्रशिक्षण दे रहा है।

विभाग के प्रमुख विवेक माहेश्वरी के अनुसार, मेले का शुभारंभ 24 जुलाई प्रातः दस बजे से होगा। इसमें कॉमर्स, मैनेजमेंट, आईटी, विज्ञान, कृषि, फार्मेसी और एजुकेशन सहित विभिन्न क्षेत्रों की 15 से अधिक नामी कंपनियां जैसे आगाखान रूरल सपोर्ट प्रोग्राम, आइसेक्ट, एच.डी.बी. फाइनेंस, आर.बी.एल. बैंक और केयर्स इन कॉर्प हिस्सा लेंगी।इस रोजगार मेले में न्यूनतम 12वीं उत्तीर्ण युवाओं के साथ-साथ सभी स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं।

पदों के लिए आवश्यक योग्यता कंपनी के नियमानुसार होगी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय द्वारा जारी ऑनलाइन लिंक और क्यूआर कोड के माध्यम से 24 जुलाई तक अपना पंजीयन कर सकते हैं। मेले के दिन भी पंजीयन लिंक सक्रिय रहेगा ताकि युवा अंतिम समय तक प्रक्रिया में शामिल हो सकें।

# पंचायतों की आय बढ़ाने की कवायद

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए जलकर, प्रकाश कर, संपत्ति कर और हाट-बाजार शुल्क की ऑनलाइन वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने एसडीएम से कहा कि बड़े गांवों की अचल संपत्तियों का मूल्यांकन कर वास्तविक मूल्य के अनुसार संपत्ति कर जमा कराया जाए तथा पंचायतों की कर वसूली की नियमित निगरानी की जाए। बैठक में कलेक्टर ने किसानों की फार्मर्स रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी, जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा इसके अलावा जनपद पंचायतों के सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाकर रिक्शा चालक, फेरीवाले, घरेलू कामगार, दर्जी, छोटे दुकानदार सहित 15 हजार रुपये प्रतिमाह से कम आय वाले श्रमिकों को योजना की जानकारी देकर उनका पंजीयन कराया जाए, ताकि वे भविष्य में पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में जिला एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ और सीएमओ उपस्थित रहे।



# बच्चों के समग्र विकास के लिए नींव कार्यक्रम शुरू

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** जिले में पंचायतों की नेतृत्वकारी भूमिका को सुदृढ़ करते हुए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित कर प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से 6 वर्ष तक के बच्चों के समग्र विकास के लिए नींव कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस जिला स्तरीय नींव कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने की।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर श्रीमति सृष्टि देशमुख गौड़ा, सहायक कलेक्टर सुश्री शिल्पा चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रत्ना शर्मा सहित सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, सभी सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाइजर, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायतों के सरपंच व सचिव भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समग्र विकास की जिम्मेदारी पंचायतों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के साथ साथ समुदाय की भी है। उन्होंने कहा कि जिले की 140 पंचायतों के तहत आने वाली आंगनवाड़ियों में बच्चों के समग्र विकास के लिए नींव कार्यक्रम पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया जायेगा। कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन संस्था के भोपाल के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर इमरान खान, नींव कार्यक्रम की खंडवा की जिला प्रबंधक शाजिया शेख सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन पिरामल फाउंडेशन श्री इमरान खान द्वारा किया गया।

## दुर्घटना पीड़ित मोहित का होगा मुफ्त इलाज

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** जिला प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का उदाहरण खंडवा में उस समय देखने को मिला, जब दुर्घटना पीड़ित मोहित जगताप का आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड मात्र 1 दिन में तैयार कराया गया ताकि उसका नि:शुल्क उपचार हो सके।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दुर्घटनाग्रस्त मोहित जगताप का अस्पताल में ऑपरेशन होना था, लेकिन आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड न होने से उसका नि:शुल्क इलाज संभव नहीं था। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के संज्ञान में यह मामला आया तो उन्होंने तुरंत ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक श्री अनिल चंदेल को निर्देश दिए कि मोहित का आज ही आधार कार्ड तैयार कराया जाए, जिससे कि उसका आयुष्मान पंजीयन भी हो सके।

बस फिर क्या था, ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक श्री चंदेल ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपने वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर मोहित का आधार पंजीयन कराकर कार्ड तैयार कराया और उसी आधार पर मोहित का आयुष्मान कार्ड भी बन गया।

# नवनियुक्त एल्डरमैनों का निगम में किया स्वागत

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** नगर पालिक निगम के सभागृह में नवनियुक्त एल्डरमैनों के स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव के नेतृत्व में सभी सम्माननीय एल्डरमैनों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई प्रेषित की गई। समारोह में नवनियुक्त एल्डरमैन शारदा तांदले, तजेन्द्र वायथम, स्वर्णजीत सिंह चड्ढा, मंगलेश तोमर, डॉ. शिवशंकर गुर्जर, लोकेन्द्र सिंह गौड़, महेश चौधरी और रमाकांत पांडे का स्वागत किया गया। इस स्वागत अवसर पर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य विक्की भांवरे, अनिल वर्मा, राजेश यादव और आशीष चटकले, पूर्व पार्षद सुनील जैन सहित अन्य पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी उपस्थित अतिथियों ने नवनियुक्त एल्डरमैनों का अभिनंदन करते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की।




**एक नजर में** ▶ नशामुक्ति के लिए बनी विशाल मानव श्रृंखला

# डीआईजी ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत सोमवार को खंडवा पुलिस ने जिला मुख्यालय पर एक व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके तहत नगर निगम चौराहे पर शहर के तीनों पुलिस थानों, यातायात पुलिस और पुलिस लाइन के महिला बल ने आमजनों के साथ मिलकर एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान डीआईजी (खरगोन रेंज) सिमाला प्रसाद ने नगर निगम चौराहे पर पहुंचकर उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई। इस जागरूकता अभियान में मोतीलाल नेहरू, उत्कृष्ट विद्यालय, रायचंद नागड़ा स्कूल और एम.एल.बी स्कूल के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव बारंगे, डीएसपी, अनिल सिंह चौहान और डीएसपी (यातायात) अनिल कुमार राय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस विभाग द्वारा युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज में जागरूकता लाने के लिए लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

